सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 303 | इंदौर, गुरुवार 21 मई, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

मई में गर्मी का भीषण कहर

## दुनिया के 15 में से 9 सबसे गर्म शहर भारत के, 50 डिग्री पहुंच सकता है तापमान



**नई दिल्ली, (एजेंसी) मई के महीने ने दिल्ली-एनसीआर ही नहीं, देशभर में लोगों के पसीने छुड़ा रखे हैं। बुधवार को दुनिया के सबसे गर्म 15 शहरों में 9 भारत से रहे। वहीं, 48 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे गर्म यूपी का बांदा रहा। दिल्ली में बुधवार को इस मौसम की सबसे गर्म सुबह रही। लगातार तीसरे दिन कुछ इलाकों में लू चली।**

मौसम विभाग ने 26 मई तक लू का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। यानी अगले मंगलवार तक राहत मिलने के आसार नहीं है। दिल्ली-NCR में बुधवार को अधिकतम तापमान 44-45 डिग्री के बीच रहा। गुरुवार को यह 46 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि पश्चिमी शुष्क हवाएं, साफ आसमान और लगातार धूप के कारण तापमान तेजी से बढ़ा है। अस्पतालों में गर्मी से जुड़ी बीमारियों के मरीज बढ़े है। मौसम विभाग ने लोगों से कुछ दिनों तक धूप से बचने की सलाह दी है।

### 8,039 मेगावॉट रेकॉर्ड पावर डिमांड

झुलसाती गर्मी में दिल्ली में बिजली की मांग बुधवार को बढ़कर 8.039 मेगावॉट हो गई। यह इस साल में सबसे ज्यादा रही। पावर डिस्ट्रिब्यूशन कंपनियों का कहना है कि पिछले साल की तुलना में मई के 20 दिनों में पावर डिमांड 65-75% तक ज्यादा रही।

## दिल्ली के गोविंदपुरी में डबल मर्डर

### मां और बेटे को चाकू से गोदकर मार डाला; घर से कैश-गहने गायब

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** राजधानी दिल्ली में डबल मर्डर का मामला सामने आया है। पूरी तैयारी के साथ आए बदमाश मां-बेटे की हत्या करने के बाद नकदी और गहने लेकर फरार हो गए। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और संदिग्धों की तलाश में टीमें गठित कर दी गई हैं।

दिल्ली के गोविंदपुरी इलाके में मां-बेटे की बेरहमी से हत्या का मामला सामने आया है, जिससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई है। मिली जानकारी के अनुसार, 38 साल की शारदा और उनके 13 साल के बेटे खुशाल की अज्ञात आरोपियों ने चाकू से गोदकर हत्या कर दी। खुशाल 7वीं कक्षा में पढ़ता था।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक में लिए गए निर्णय

# प्रदेश के विकास और जन-कल्याण को गति देने के लिए 30,055 करोड़ रुपये की कैबिनेट स्वीकृति

● 1 जून से 15 जून तक हो सकेंगे तबादले



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में मंत्रि-परिषद की बैठक हुई। मंत्रि-परिषद की बैठक में मध्यप्रदेश के विकास और जन-कल्याण को गति देने के लिए कुल 30,055 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृतियां दी गई। मंत्रि-परिषद ने राज्य के कर्मचारियों की स्थानांतरण नीति -2026 को भी मंजूरी दी है।**

राज्य के विभिन्न वर्गों के हित में कई बड़े निर्णय लिए गए। इसमें वृद्धजनों, कल्याणी महिलाओं और दिव्यांगजनों की पेंशन योजना के लिए 15,184.42 करोड़ रुपये के साथ ही विभिन्न आपदाओं में किसानों को संबल देने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के निरंतर क्रियान्वयन के लिए 11,608.47 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। इसके साथ ही श्रमिक कल्याण की योजनाओं के लिए 1,779.07 करोड़ रुपये, सिवनी और देवास की समूह जल प्रदाय योजनाओं के लिए 593 करोड़ 24 लाख रुपये, अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान के संचालन के लिए 373 करोड़ 38 लाख रुपये, लोक सेवा गारंटी अधिनियम के क्रियान्वयन के लिए 360 करोड़ रुपये तथा महिला एवं बाल सुरक्षा से संबंधित शौर्य दल और चाइल्ड हेल्पलाइन योजनाओं के लिए 156 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

मंत्रि-परिषद ने 'राज्य एवं जिला स्तर पर अधिकारियों/कर्मचारियों की स्थानान्तरण नीति वर्ष 2026' का अनुमोदन किया है। स्वीकृति अनुसार इस वर्ष 01 जून 2026 से 15 जून 2026 तक की अवधि के लिये स्थानांतरण से प्रतिबंध शिथिल किया जायेगा। नीति में लिपिकीय त्रुटि सुधार, स्पष्टीकरण अथवा अन्य संशोधन करने के लिए सामान्य प्रशासन विभाग को अधिकृत किया गया है। पद एवं संवर्ग संख्या के आधार पर अधिकतम स्थानांतरण की संख्या का निर्धारण स्थानांतरण नीति में स्पष्ट किया गया है। पति-पत्नी को एक स्थान पर पदस्थ किये जाने तथा स्वयं की गंभीर बीमारियों के प्रकरण में स्थानांतरण को विभागों के निर्धारित प्रतिशत या संख्या के अतिरिक्त रखा गया है।

जिला एवं राज्य संवर्ग के तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों का जिले के भीतर स्थानांतरण प्रभारी मंत्री के अनुमोदन से किया जायेगा। सभी विभागों के विभागाध्यक्ष तथा शासकीय उपक्रमों एवं संस्थाओं में पदस्थ प्रथम श्रेणी के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों का स्थानांतरण समन्वय में मुख्यमंत्री के अनुमोदन के बाद किया जायेगा।

मंत्रि-परिषद द्वारा महिला एवं बाल विकास अंतर्गत महिला एवं बाल सुरक्षा से संबंधित योजनाओं के वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक निरंतर संचालन के लिए कुल 156 करोड़ रूपये की स्वीकृति दी गई है। स्वीकृति अनुसार चाइल्ड हेल्पलाइन के लिए 113 करोड़ 50 लाख रूपये, केयर एण्ड सपोर्ट टू विक्टिम अंडर पॉक्सो योजना के लिए 27 करोड़ 50 लाख रूपये और शौर्य दल योजना के लिए 15 करोड़ रूपये की स्वीकृति दी गई है।

# पानी के लिए फूटा गुस्सा, सड़कों पर उतरे लोग, चक्काजाम किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। गर्मी के साथ ही जलसंकट की स्थिति लगातार भयावह होती जा रही है। पानी की बूंद-बूंद को तरसते लोगों के सब्र का बांध आखिरकार टूट गया। आज विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 5 के अंतर्गत आने वाले रिंग रोड पर बड़ी संख्या में स्थानीय रहवासी सड़कों पर उतर आए। आक्रोशित जनता ने नगर निगम प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और सड़क पर बैठकर वाहनों के पहिए थाम दिए। चक्का जाम की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और समय रहते ट्रैफिक व्यवस्था को बहाल कराते हुए प्रदर्शनकारियों को शांत कराया।**



प्रदर्शन कर रहे रहवासियों का आरोप है कि वे पिछले तीन महीने से पानी की भारी किल्लत का सामना कर रहे हैं। क्षेत्र में नर्मदा की पाइपलाइन तो बिछी है, लेकिन उसमें बमुश्किल आधा घंटा ही पानी की सप्लाई होती है। इस आधे घंटे में भी शुरुआती 10 मिनट तक इतना गंदा और बदबूदार पानी आता है कि उसका इस्तेमाल पीने के लिए करना तो दूर, अन्य कामों के लिए भी नहीं किया जा सकता। स्थानीय लोगों ने हाल ही में भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से हुई मौतों का हवाला देते हुए कहा कि इतनी बड़ी लापरवाही के बाद भी नगर निगम प्रशासन सुधरने का नाम नहीं ले रहा है। क्षेत्र के पार्षद को रोजाना इस समस्या से अवगत कराया जाता है, लेकिन न तो टैंकरों की कोई व्यवस्था की जा रही है और न ही पानी की सप्लाई में सुधार हो रहा है। थक-हारकर आज लोगों को यह कड़ा कदम उठाना पड़ा। आंदोलन कर रहे नागरिकों का कहना है कि जलसंकट के कारण उनकी दिनचर्या पूरी तरह प्रभावित हो चुकी है। लोगों को सुबह अपने नौकरी-धंधे और रोजगार पर जाने के बजाय दूर-दराज के इलाकों से पानी ढोकर लाना पड़ रहा है। रहवासियों ने नगर निगम की कार्यप्रणाली पर तीखे सवाल उठाते हुए कहा कि निगम द्वारा जनता से हर तरह के टैक्स और शुल्क समय पर वसूले जाते हैं, लेकिन जब मूलभूत सुविधा के रूप में पानी देने की बात आती है, तो प्रशासन पूरी तरह पंगु नजर आता है। इस स्थिति में आम जनता का जीना मुहाल हो चुका है।

# ब्रिक्स देशों की जनसांख्यिकीय ताकत उन्हें कामकाज के भविष्य को आकार देने का अवसर देती है : डॉ. मनसुख मांडविया

## भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता में ब्रिक्स युवा परिषद उद्यमिता कार्य समूह की बैठक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (न्प्र)

**इंदौर।** ब्रिक्स युवा परिषद उद्यमिता कार्य समूह की बैठक वर्तमान में भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता 2026 के हिस्से के रूप में मध्य प्रदेश के इंदौर में चल रही है। इस बैठक में उद्यमिता में सहयोग को मजबूत करने और नवाचार-आधारित सतत विकास को बढ़ावा देने पर विचार-विमर्श के लिए ब्रिक्स देशों के युवा उद्यमी, प्रतिनिधि, नीति-निर्माता और हितधारक एक साथ आए हैं। युवा कार्यक्रम विभाग, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित यह बैठक 'लचीलापन, नवाचार, सहयोग और सततता के लिए निर्माण' विषय के तहत आयोजित की जा रही है।

केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम में शामिल हुए और प्रतिभागियों को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने जनसांख्यिकीय ताकत को रेखांकित किया जो ब्रिक्स देशों को कामकाज के भविष्य को आकार देने का अवसर देती है। उन्होंने आगे कहा, "हमारे देश मिलकर दुनिया की लगभग आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। कई ब्रिक्स अर्थव्यवस्थाओं में, 50% से अधिक आबादी 35 वर्ष से कम आयु की है। अकेले भारत में लगभग 65% आबादी 35 वर्ष से कम आयु की है। यह जनसांख्यिकीय ताकत ब्रिक्स देशों को कामकाज के भविष्य को आकार देने का अवसर देती है। ब्रिक्स देशों में युवा पहले से ही परिवर्तनकारी बदलाव ला रहे हैं।" उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भारत ने कौशल विकास, डिजिटल समावेशन और उद्यम-आधारित विकास पर केंद्रित प्रयासों के माध्यम से सम्मानजनक रोजगार के अवसरों का विस्तार करने और दुनिया के सबसे जीवंत स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्रों में से एक का निर्माण करने में उल्लेखनीय प्रगति की है। "स्थानीय नवाचार से वैश्विक प्रभाव तकः युवा-नेतृत्व वाले स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के लिए ब्रिक्स सहयोग" पर एक समर्पित सत्र में भाग लेने वाले ब्रिक्स देशों ने उद्यमिता के क्षेत्र में अपने अनुभव, पहल और सर्वोत्तम प्रथाओं को प्रस्तुत किया। इस सत्र ने विचारों के आदान-प्रदान और ब्रिक्स देशों के बीच स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने तथा सहयोग बढ़ाने पर चर्चा के लिए एक मंच प्रदान किया।




सत्र को संबोधित करते हुए, युवा कार्यक्रम एवं खेल राज्य मंत्री श्रीमती रक्षा निखिल खडसे ने कहा, "जब ब्रिक्स देश एक साथ काम करते हैं और एक-दूसरे से सीखते हैं, तो स्थानीय नवाचार वैश्विक प्रभाव पैदा कर सकते हैं।" उन्होंने भारत के तेजी से बढ़ते स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को भी रेखांकित किया और कहा कि छोटे शहरों और टियर-2 तथा टियर-3 शहरों के युवा तेजी से सफल उद्यम बना रहे हैं, जो समावेशी और युवा-नेतृत्व वाले नवाचार के प्रति देश की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए, युवा कार्यक्रम विभाग की सचिव डॉ. पल्लवी जैन गोविल ने नवाचार और समावेशी विकास को बढ़ावा देने में युवा उद्यमिता के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, "युवा-नेतृत्व वाली उद्यमिता को तेजी से नवाचार, रोजगार और समावेशी विकास के एक प्रमुख चालक के रूप में मान्यता दी जा रही है। जैसे-जैसे हमारी अर्थव्यवस्थाएं विकसित हो रही हैं, युवा उद्यमी ऐसे समाधान तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं जो स्थानीय रूप से प्रासंगिक और वैश्विक रूप से अनुकूलनीय दोनों हैं।" उन्होंने आगे जोर देकर कहा कि ब्रिक्स उद्यमिता कार्य समूह सदस्य देशों को विकासात्मक अनुभवों का आदान-प्रदान करने और विविध आर्थिक संदर्भों में लचीले और भविष्य के लिए तैयार उद्यमशील पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए व्यावहारिक और मापनीय दृष्टिकोणों की पहचान करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है। उद्घाटन सत्र में मध्य प्रदेश सरकार के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग; भारत सरकार के युवा कार्यक्रम विभाग के अपर सचिव नितेश कुमार मिश्रा; ब्रिक्स सदस्य देशों के प्रतिनिधि; वरिष्ठ सरकारी अधिकारी; युवा उद्यमी; और उद्यमिता एवं नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र के हितधारक शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रौद्योगिकी, सततता और सामाजिक उद्यम सहित विभिन्न क्षेत्रों में नवाचारों और उद्यमशील पहलों को प्रदर्शित करने वाली एक प्रदर्शनी के उद्घाटन के साथ हुई। कार्यक्रम में ब्रिक्स देशों में युवा-नेतृत्व वाले उद्यमशील पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने पर केंद्रित पूर्ण चर्चाएं और संवादात्मक जुड़ाव भी शामिल थे।

बैठक में डिजिटल नवाचार और प्रौद्योगिकी-संचालित उद्यमिता, सामाजिक और समावेशी उद्यमिता, तथा हरित उद्यमिता और जलवायु-सकारात्मक व्यापार मॉडल पर केंद्रित विषयगत पैनल चर्चाएं भी हुईं। चर्चाओं में एआई, फिनटेक, एग्रीटेक, सततता और स्वच्छ ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में युवा उद्यमियों के लिए उभरते अवसरों का पता लगाया गया, साथ ही समावेशी विकास और समुदाय-संचालित उद्यम के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया।

पैनल चर्चाओं के अलावा, कार्यक्रम में संवाद, सहयोग और प्रतिभागियों के बीच सीखने को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से संवादात्मक नेटवर्किंग जुड़ाव और युवा उद्यमियों के साथ एक फायरसाइड वार्ता भी शामिल थी। बैठक ने प्रतिनिधियों को अनुभव साझा करने, सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान करने और ब्रिक्स देशों में उद्यमिता और नवाचार में गहरे सहयोग के रास्ते तलाशने का अवसर प्रदान किया है। कार्यक्रम कार्यशालाओं, चर्चाओं और संवादात्मक सत्रों के साथ जारी रहेगा, जिसका उद्देश्य ब्रिक्स देशों के युवा उद्यमियों के बीच साझेदारी को बढ़ावा देना और सहयोग को मजबूत करना है। ब्रिक्स युवा परिषद उद्यमिता कार्य समूह की बैठक अपनी ब्रिक्स अध्यक्षता के दौरान युवा-नेतृत्व वाले नवाचार, उद्यमिता और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए भारत की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## स्वच्छता सर्वेक्षण एवं विश्व योग दिवस की तैयारी पर महापौर ने की चर्चा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (न्प्र)

**इंदौर। आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण एवं अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर वृहद आयोजन की तैयारियों के संबंध में महापौर सचिवालय में बैठक आयोजित की गई। प्रतिवर्षानुसार इस बार भी योग साधकों में अंतरराष्ट्रीय विश्व योग दिवस को लेकर उत्साह है।**

बैठक में महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं आरोग्य भारती मालवा प्रांत के कार्याध्यक्ष वैद्य लोकेश जोशी की उपस्थिति में योग संस्थाओं के प्रतिनिधियों एवं स्वच्छता क्षेत्र से जुड़े नागरिकों ने भाग लिया और कार्यक्रमों की रूपरेखा, जन जागरूकता गतिविधियों एवं नागरिक सहभागिता को बढ़ाने के विषय पर विचार-विमर्श किया गया। महापौर श्री भार्गव की अध्यक्षता में योग के क्षेत्र में कार्य कर रही समस्त संस्थाओं के पदाधिकारियों, प्रतिनिधियो के साथ 'स्वच्छता सर्वेक्षण सर्वे' एवं 'अंतरराष्ट्रीय विश्व योग दिवस' पूर्व की तैयारी हेतु बैठक संपन्न हुई। बैठक में संस्था छवि हरिओम योग केंद्र' हार्टफूलनेस' आरोग्य भारती' राजमाता अहिल्या योग केंद्र,सत्य धारा' क्रीड़ा भारती' आस्था योग क्रांति अभियान, आयुर्वेदिक अष्टांग महाविद्यालय, चोइथराम कॉलेज ऑफ़ प्रोफेशनल स्टडीज गोविंद राम सक्सेरिया कॉलेज आदि संस्थाओं के पदाधिकारियों ने सहभागिता की।

## कंपनी ब्रांच मैनेजर ने युवती से की छेड़छाड़

### फोन पर अश्लील बातें कर बोला- जब घर कोई नहीं होगा, तब मिलेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (न्प्र)

**इंदौर।** 27 साल की युवती से टू व्हीलर कंपनी शोरूम के ब्रांच मैनेजर ने छेड़छाड़ की। इसके बाद युवती ने तिलक नगर पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आरोपी आंनद पुत्र ओमप्रकाश चौधरी निवासी सूर्यदेव नगर के खिलाफ छेड़छाड़ के मामले में एफआईआर दर्ज की है। जानकारी के अनुसार, तिलक नगर पुलिस को दी शिकायत में युवती ने बताया कि वह कासलीवाल होंडा में जॉब करती है। यहां आंनद पुत्र ओमप्रकाश चौधरी निवासी सूर्यदेव नगर ब्रांच मेनेजर के पद पर कार्यरत है, वह शुरू से ही गलत नजर रखते है। मोबाइल पर भी बात करने के दौरान उन्होंने अश्लील बातें की। आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के चलते पीड़िता ने शिकायत नहीं की, इससे आंनद की हिम्मत और बढ गई। युवती ने बताया कि आंनद उसे लगातार मैसेज भेजने लगा। शिवरात्रि के एक दिन बाद ही आंनद ने गलत तरीके से टच किया, तब उससे बचकर निकली। बाद में पति को आंनद की हरकतों की जानकारी देने की कोशिश की। पति ने नौकरी छोड़ने की बात की, लेकिन पारिवारिक समस्या को देखते ही काम करती रही। पिछले महीने भी आंनद ने कहा कि मई महीने में उसके घर पर कोई नहीं होगा, तब दोनों मुलाकात करेंगे। परेशान होकर पीडिता ने मंगलवार को आवेदन देकर शिकायत की। पुलिस ने आंनद के खिलाफ कारवाई की है।

## नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (न्प्र)

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशानुसार एवं सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा "नशे से दूरी है जरूरी" अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान के तहत विद्यार्थियों, ग्रामीणजनों एवं आम नागरिकों को नशे के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्परिणामों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उपस्थित लोगों को बताया गया कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ-साथ उसके भविष्य, परिवार एवं सामाजिक जीवन पर भी गंभीर नकारात्मक प्रभाव डालता है। कार्यक्रमों में सभी को स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने तथा समाज को नशामुक्त बनाने के लिए प्रेरित किया गया।

आबकारी निरीक्षक आशीष जैन एवं त्रियंबिका शर्मा द्वारा महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट एवं सत्य मेव जयते इंस्टीट्यूट में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को बताया गया कि नशा युवाओं के भविष्य एवं उनके व्यक्तित्व विकास को प्रभावित करता है। कार्यक्रम में युवाओं को स्वयं नशे से दूर रहने एवं अपने मित्रों, परिवार तथा समाज के अन्य लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया तथा अंत में सभी विद्यार्थियों



को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई।

आबकारी उप निरीक्षक कृतिका द्विवेदी द्वारा ग्राम दतोदा ग्राम पंचायत परिसर में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणजनों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देकर नशे से दूर रहने हेतु प्रेरित किया गया। आबकारी उप निरीक्षक मीना माल द्वारा ग्राम मेमदी, सिमरोल स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में महिलाओं एवं ग्रामीणों को जागरूक करते हुए नशा मुक्ति का संदेश दिया गया। इसी क्रम में आबकारी उप निरीक्षक सुनील मालवीय एवं बी.डी. अहिरवार द्वारा अंकुरण नशा मुक्ति केंद्र में कार्यशाला आयोजित कर नशे से होने वाले सामाजिक एवं स्वास्थ्य संबंधी दुष्परिणामों पर चर्चा की गई। सहायक जिला आबकारी अधिकारी धर्मेंद्र जोशी एवं आबकारी उप निरीक्षक मीरा सिंह द्वारा अर्जुनपुरा बस्ती में जनजागरूकता अभियान चलाकर नागरिकों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। सभी कार्यक्रमों में उपस्थित लोगों को स्वयं नशे से दूर रहने एवं समाज में अन्य लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई।

कारोबारियों-नेताओं को बनाते थे टारगेट

# जेल में श्वेता-अलका की दोस्ती बाहर आकर बनाया हनीट्रैप गैंग



**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)**
**इंदौर। इंदौर के हनीट्रैप और ब्लैकमेलिंग कांड में पुलिस जांच में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। शराब कारोबारी हितेंद्र सिंह ठाकुर उर्फ चिंटू ठाकुर से एक करोड़ रुपए की रंगदारी मांगने वाले गिरोह की मास्टरमाइंड भोपाल निवासी श्वेता विजय जैन बताई जा रही है।**

पुलिस जांच में सामने आया है कि श्वेता और शराब तस्करी से जुड़ी अलका दीक्षित की दोस्ती जिला जेल में हुई थी। वहीं हनीट्रैप नेटवर्क की योजना बनी। क्राइम ब्रांच के अनुसार जेल से बाहर आने के बाद दोनों ने नेताओं, कारोबारियों और रसूखदार लोगों को जाल में फंसाकर ब्लैकमेलिंग और उगाही शुरू कर दी। पुलिस का दावा है कि गैंग पिछले दो वर्षों से सक्रिय था और कई हाईप्रोफाइल लोगों को शिकार बना चुका है। बदनामी के डर से कई पीड़ित सामने नहीं आ रहे हैं। डीसीपी (क्राइम) राजेश त्रिपाठी के मुताबिक मंगलवार को श्वेता जैन, अलका दीक्षित, जयदीप दीक्षित, लाखन चौधरी और जितेंद्र पुरोहित को कोर्ट में पेश किया गया। अदालत ने सभी आरोपियों को छह दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। पूछताछ में श्वेता जैन ने बताया कि 2019 के चर्चित हनीट्रैप मामले में जेल के दौरान उसकी मुलाकात अलका दीक्षित से हुई थी। उस समय अलका शराब तस्करी के मामले में जेल में बंद थी। दोनों की दोस्ती वहीं हुई और जमानत के बाद भी संपर्क बना रहा। पुलिस जांच में सामने आया है कि अलका पहले से अनैतिक गतिविधियों और शराब तस्करी से जुड़ी रही है। आरोप है कि श्वेता के इशारे पर अलका लोगों को जाल में फंसाती थी और फोटो-वीडियो के जरिए ब्लैकमेल कर रकम वसूली जाती थी। जांच अधिकारियों के अनुसार गैंग नेताओं, कारोबारियों और रसूखदार लोगों को टारगेट करता था। पुलिस को शक है कि 2019 के हनीट्रैप कांड से जुड़े कुछ लोग भी इस नेटवर्क के संपर्क में रहे हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी लाखन चौधरी पीथमपुर क्षेत्र का रहने वाला है और खुद को भाजपा पदाधिकारी बताता था। वह प्रॉपर्टी कारोबार की आड़ में लोगों से संपर्क कर संभावित शिकार तलाशता था। जांच में सामने आया है कि हितेंद्र सिंह उर्फ चिंटू ठाकुर को फंसाने के बाद अलका ने इंटेलिजेंस शाखा में पदस्थ प्रधान आरक्षक विनोद शर्मा से सलाह ली थी। आरोप है कि अलका ने कारोबारी के फोटो भी पुलिसकर्मी को भेजे थे। पूछताछ में प्रधान आरक्षक विनोद शर्मा ने अलका से संपर्क होने की बात स्वीकार की है। पुलिस को शक है कि वह आरोपियों को ब्लैकमेलिंग और दबाव बनाने के तरीके बता रहा था। देवास निवासी जितेंद्र पुरोहित, जो खुद को मीडियाकर्मी बताता था, उसका नाम भी जांच में सामने आया है। पुलिस का कहना है कि जितेंद्र ने भी अलका को पीड़ितों से रकम वसूलने के तरीके बताए और षड्यंत्र में शामिल हो गया।

# महिला व उसके देवर के खाते से निकाली रकम

## बैंक कर्मचारी पर लाखों की धोखाधड़ी का आरोप

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)**
इंदौर। **राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र स्थित बीजलपुर की आईडीएफसी फर्स्ट बैंक शाखा के एक कर्मचारी पर महिला और उसके देवर के बैंक खातों से लाखों रुपए निकालने का गंभीर आरोप लगा है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

पुलिस के मुताबिक बीजलपुर निवासी द्रोपती बाई पति हीरालाल वर्मा ने शिकायत दर्ज कराई है कि आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की बीजलपुर शाखा में कार्यरत कर्मचारी विष्णु शर्मा ने धोखाधड़ी करते हुए उनके देवर सत्यनारायण के खाते से लाखों रुपए निकाल लिए। पीड़िता के अनुसार आरोपी ने सत्यनारायण की जानकारी के बिना उसका एटीएम कार्ड जारी कराया और उसे अपने पास रख लिया।

आरोप है कि 3 अगस्त 2025 से 14 अगस्त 2025 के बीच एटीएम और ट्रांसफर के जरिए खाते से लगातार रकम निकाली गई। सत्यनारायण को इस बात की जानकारी तक नहीं थी कि उसके नाम से एटीएम कार्ड जारी हुआ है। महिला ने पुलिस को बताया कि 16 सितंबर 2025 को आरोपी विष्णु शर्मा उनके घर पहुंचा और कहा कि बैंक अकाउंट आधार कार्ड से लिंक नहीं है। इस दौरान उसने ओटीपी लेकर उनके खाते से करीब 4 लाख 85 हजार रुपए ट्रांसफर कर लिए। वहीं सत्यनारायण के खाते से भी करीब 4 लाख 89 हजार रुपए निकालने का आरोप लगाया गया है।

शिकायत में यह भी बताया गया कि आरोपी पहले सत्यनारायण की दुकान पर खाता खुलवाने पहुंचा था। उसी दौरान उसने कथित रूप से बिना जानकारी दिए एटीएम कार्ड जारी कराया और उसे अपने कब्जे में रख लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी ने कुछ रकम भूपेंद्र नाम के व्यक्ति के खाते में भी ट्रांसफर की थी। फिलहाल राजेंद्र नगर पुलिस ने संयुक्त एफआईआर दर्ज कर आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है। मामले की जांच जारी है।

# नर्मदा कंट्रोल रूम पहुंचे निगम कमिश्नर

## पानी की सप्लाई चेक की



**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)**
**इंदौर।** शहर में जल संकट लगातार गहराता जा रहा है। लोगों को पानी की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई जगह तो लोग टैंकरों पर ही निर्भर है। ऐसे में वे यहीं उम्मीद लगाए है कि नगर निगम और जनप्रतिनिधि इस समस्या का जल्द समाधान करें। पानी की समस्या को देखते हुए नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल बुधवार को बिजलपुर नर्मदा कंट्रोल रूम पहुंचे और यहां पर सप्लाई की स्थिति चेक की। निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल बुधवार को शहर में पानी की सप्लाई को लेकर बीजलपुर नर्मदा कंट्रोल रूम पहुंचे और यहां की व्यवस्थाओं को चेक किया। इस दौरान उनके साथ कार्यपालन यंत्री और निगम के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। निगम कमिश्नर ने कंट्रोल रूप से ही फोन पर पानी की सप्लाई से संबंधित सभी सहायक यंत्री से नर्मदा पानी की टंकी भरने, पानी की सप्लाई, टैंकर से सप्लाई के बारे में जानकारी और जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पानी की सप्लाई की व्यवस्था की लगातार मॉनिटरिंग करने के लिए कहा है। निगम कमिश्नर ने हाइड्रेंट से टैंकर भरने के संबंध में भी जरूरी निर्देश दिए है।

जलसंकट से नाराज विधायक हार्डिया के बदले सुर, बोले-

# नाराजगी मेरी नहीं जनता की थी...

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)**
**इंदौर। जलसंकट को लेकर स्थानीय राजनीति भी गरमाने लगी है। कांग्रेस के पार्षद जगह-जगह जलसंकट को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं, तो भाजपा विधायक महेंद्र हार्डिया जलसंकट को लेकर मुखर हो गए थे और एक कार्यक्रम बीच में छोड़कर आ गए थे। उन्होंने जलसंकट के मुद्दे पर महापौर को भी घेरा था।**



इस मामले को भाजपा संगठन ने गंभीरता से लिया और बुधवार सुबह भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा के साथ भाजपा विधायक महेंद्र हार्डिया मेयर के निवास पर पहुंचे। उन्होंने पहले दुपट्टा डालकर मेयर का स्वागत किया और फिर गले भी मिले। दोनों के गिले-शिकवे दूर हो गए। आपको बता दें कि तीन दिन पहले एक वार्ड के कार्यक्रम में हार्डिया जलसंकट को लेकर नाराज हो गए थे और कहा था कि इतने वर्षों से वह विधायक हैं। पहली बार जलसंकट को लेकर जनता इतनी परेशान है। लोग समस्या लेकर रोज आते हैं। इसके बाद वे मेयर की मौजूदगी में कार्यक्रम को छोड़कर आ गए थे। महापौर पुष्य मित्र भार्गव ने कहा, “महेंद्र हार्डिया हमारे विधायक हैं और मेरे लिए सम्मानीय हैं। वे समय-समय पर चाय पीने आते हैं। आज भी चाय पीने आए और कहा कि उन्हें एक विषय गलत ब्रीफ हो गया था। हमने कहा कि पार्टी और हम मिलकर शहरहित में काम कर रहे हैं। जो भी समस्या आती है, वे हमें बताएंगे। हम उनके पुराने अनुभवों का लाभ लेंगे”। वहीं, विधायक महेंद्र हार्डिया ने कहा, “इंदौर के महापौर हैं, मैं विधायक हूँ। अक्सर मिलने आते रहते हैं। नाराजगी मेरी नहीं, जनता की थी। मेरी मेयर से बात हो चुकी है। एक-दो दिन में रिजल्ट आ जाएंगे”।

# पति से विवाद के चलते 4 महीने से मायके में रह रही थी, नवविवाहिता ने लगाई फांसी

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)**
**इंदौर।** विजयनगर थाना क्षेत्र में रहने वाली एक नवविवाहिता ने मंगलवार शाम अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शुरुआती जांच में पति और ससुराल पक्ष से विवाद के चलते तनाव में होने की बात सामने आई है।

पुलिस मामले की जांच कर रही है। विजयनगर पुलिस के मुताबिक 25 वर्षीय सीमा जैन पति हेमंत जैन निवासी अंजनी नगर ने मंगलवार शाम अपने घर में सुसाइड कर लिया। घटना का पता उस समय चला जब सीमा की मां ने उसे कमरे में फंदे पर लटका हुआ देखा। इसके बाद परिजनों और पुलिस को सूचना दी गई। परिवार के लोगों ने पुलिस को बताया कि सीमा की शादी पिछले साल मई में खरगोन जिले के कसरावद में हुई थी। आरोप है कि शादी के समय ससुराल पक्ष ने हेमंत की बीमारी की जानकारी छिपाई थी। इस बात को लेकर शादी के बाद सीमा और ससुराल पक्ष के बीच विवाद शुरू हो गया था। बताया जा रहा है कि विवाद बढ़ने के बाद सीमा पिछले करीब चार महीने से इंदौर में अपनी मां और भाई के साथ रह रही थी। पति-पत्नी के बीच तलाक का मामला भी चल रहा था। सीमा के पिता बुरहानपुर के पास के रहने वाले बताए जा रहे हैं, जबकि उसकी मां और भाई कई वर्षों से इंदौर में निवास कर रहे हैं। विजयनगर पुलिस का कहना है कि शुरुआती जांच में दंपति के बीच विवाद आत्महत्या की वजह के रूप में सामने आया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं।

# फिजियोथेरेपिस्ट की छात्रा को किया परेशान

**इंदौर।** संयोगितागज पुलिस ने 22 साल की छात्रा की शिकायत पर उत्कर्ष पुत्र अरविंद कुमार के खिलाफ एफआईआर की है। छात्रा ने बताया कि वह फिजियोथेरेपिस्ट की पढाई कर रही है। ऑनलाइन एप से उत्कर्ष से 4 महीने पहले बात हुई थी। इस दौरान दोस्ती होने पर दोनों ने मुलाकात की। इसके बाद बिना बताए उसने कॉलेज ओर घर पर ऑनलाइन गिफ्ट भेजे। इसके बाद उत्कर्ष घर के चक्कर भी लगाने लगा। यह बात अच्छी नहीं लगने पर उससे बात बंद कर दी। इसी बीच उत्कर्ष ने छात्रा के नाम से एक इंस्टाग्राम आईडी बनाई। इस पर उसने फोटो अपलोड किए। जब यह बात छात्रा को पता चली, तो उसने बदनाम करने की धमकी दी। वहीं, मोबाइल पर धमकाया। छात्रा ने मामले में पुलिस में शिकायत कर एफआईआर दर्ज कराई है।

### इंदौर में स्थापित होगा एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, 10 हजार डेवलपर्स को मिलेगा प्रशिक्षण

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव से मिले गूगल क्लाउड इंडिया के पदाधिकारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से बुधवार को मंत्रालय में गूगल क्लाउड इंडिया के पदाधिकारियों ने भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पदाधिकारियों के साथ प्रदेश में प्रशासनिक दक्षता संवर्धन, एआई आधारित सुशासन और सिंहस्थ-2028 की तैयारियों में एआई आधारित तकनीकी सहयोग के संबंध में राउंड टेबल मीटिंग की। मीटिंग में मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) श्री नीरज मंडलोई, प्रमुख सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी श्री एम. सेल्वेन्द्रन, गूगल क्लाउड इंडिया के निदेशक (पब्लिक सेक्टर) श्री आशीष वत्तल, एपीएसी क्षेत्र के निदेशक श्री मदन ओबरॉय, श्री पंकज शुक्ला, श्री लोकेश लोहिया, डॉ. श्रुति गाडगिल, श्री विजय गुंजाटे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।




बैठक में अपर मुख्य सचिव श्री मंडलोई ने बताया कि राज्य सरकार और गूगल क्लाउड इंडिया के बीच एक महत्वपूर्ण रणनीतिक सहयोग स्थापित किया जा रहा है। इसमें इंदौर में "सेंटर फॉर एक्सीलेंस" स्थापित किया जाएगा, जिसके लिए शीघ्र ही एमओयू होगा। यह सेंटर एआई आधारित नवाचार, अनुसंधान, स्किल डेवलपमेंट और तकनीकी समाधान विकास का प्रमुख केंद्र बनेगा। सेंटर से 10 हजार से अधिक एआई डेवलपर्स को जोड़ा जाएगा, जो मध्यप्रदेश सहित देश और साउथ ग्लोबल की आवश्यकताओं के अनुरूप रियल टाइम तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराएंगे। इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट-2026 के पश्चात हुई इस उच्च स्तरीय बैठक में गूगल क्लाउड इंडिया ने "समृद्ध मध्यप्रदेश" की अवधारणा के अनुरूप एआई आधारित विकास और सुशासन के लिए एक विस्तृत रोडमैप प्रस्तुत किया। बैठक में सिंहस्थ-2028 को स्मार्ट और तकनीक-सक्षम आयोजन के रूप में विकसित करने पर विशेष चर्चा हुई। गूगल द्वारा प्रस्तुत एआई फ्रेमवर्क में रियल टाइम भीड़ प्रबंधन, प्रेडिक्टिव ट्रैफिक एवं सुरक्षा विश्लेषण, एआई आधारित इमरजेंसी रिस्पांस सिस्टम और डिजिटल ट्विन मॉडल जैसी अत्याधुनिक व्यवस्थाएं शामिल हैं। बैठक में "सहायक" नामक बहुभाषीय एवं वॉइस-सक्षम एआई एप्लिकेशन की अवधारणा भी प्रस्तुत की गई, जो सिंहस्थ में आने वाले श्रद्धालुओं को भीड़ की स्थिति, मार्गदर्शन, ट्रैफिक व्यवस्था और आपातकालीन सेवाओं की रियल टाइम जानकारी स्थानीय भाषाओं में उपलब्ध कराएगा। इससे करोड़ों श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और आयोजन प्रबंधन में उल्लेखनीय सुधार होगा। गूगल क्लाउड इंडिया के पदाधिकारियों ने बताया कि एआई समिट के दौरान मध्यप्रदेश शासन से मिले अभूतपूर्व समर्थन और सहयोग से गूगल क्लाउड द्वारा राज्य की प्राथमिकताओं अनुसार कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, वन, महिला एवं बाल विकास और अन्य विभागों में एआई आधारित समाधान विकसित किए जा रहे हैं। बैठक में आगामी कार्य योजना, विभागवार प्राथमिकताओं, विस्तृत क्रियान्वयन रणनीति और नियमित समीक्षा तंत्र विकसित करने पर सहमति बनी। राज्य सरकार और गूगल ने इस साझेदारी को रणनीतिक विचार विमर्श से आगे बढ़ाकर जमीनी स्तर पर लागू करने और राज्यभर में नागरिक केंद्रित परिणाम सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता दोहराई। गूगल के साथ यह साझेदारी प्रदेश में एआई आधारित सुशासन, सेवा वितरण और समावेशी विकास को नई दिशा देगी।

# मध्य क्षेत्रीय परिषद् की अगली बैठक होगी उज्जैन में : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### केन्द्रीय गृह मंत्री श्री शाह बैठक के बाद सिंहस्थ की तैयारियों का करेंगे मुआयना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्य क्षेत्रीय परिषद् की अगली (27वीं) बैठक वर्ष 2027 में उज्जैन में होगी। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने 19 मई को बस्तर में परिषद् की 26वीं बैठक में इस आशय की सहमति दे दी है। मध्य क्षेत्रीय परिषद् की बैठक लेने के बाद केन्द्रीय गृह मंत्री श्री शाह उज्जैन में सिंहस्थ-2028 की तैयारी को लेकर हो रही व्यापक नागरिक व्यवस्थाओं, मानव प्रबन्धन एवं आपदा प्रबंधन का भी मुआयना करेंगे।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश नक्सल मुक्त हो चुका है। केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने मध्य क्षेत्रीय परिषद् की 26वीं बैठक बस्तर में करके देश में नक्सलवाद की समाप्ति का जन संदेश दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मंत्रालय में आयोजित मंत्रि-परिषद् की बैठक से पहले मंत्रीगण को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने मंत्रीगण से बीते सप्ताह राज्य में हुई विशेष गतिविधियों और सरकार को मिली उपलब्धियों की जानकारी भी साझा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में राज्य सरकार के अधीन विभिन्न निगम, मंडल, बोर्ड, आयोग, प्राधिकरणों में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों की हाल ही में नियुक्ति की गई है। शासकीय विभागों के प्रमुख निगम, मंडल, बोर्ड, आयोग एवं प्राधिकरण के सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों के लिए प्रदेश में पहली बार कार्य प्रशिक्षण एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि यह हमारी सरकार का एक नवाचारी प्रयास है।



#### ● मध्यप्रदेश को नक्सल मुक्त बनाने के लिए पुलिस अधिकारी सम्मानित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश को नक्सल मुक्त करने में अपने शौर्य और पराक्रम का प्रदर्शन करने वाले पुलिस अधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं हैं। उन्होंने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह द्वारा पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाना, विशेष पुलिस महानिदेशक श्री पंकज श्रीवास्तव सहित 'नक्सल उन्मूलन अभियान' में सक्रिय योगदान देने वाले पुलिस अधिकारियों को सम्मानित किया गया है।

#### ● प्रधानमंत्री का सम्मान - देश का सम्मान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री श्री मोदी की विदेश यात्राओं का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने पूरे विश्व में भारत का मान बढ़ाया है। उन्हें विदेश में मिल रहा सर्वोच्च नागरिक सम्मान पूरे देश का सम्मान है।

**भोजशाला पर उच्च न्यायालय के निर्णय का स्वागत, मां वाग्देवी की मूल प्रतिमा लाने का प्रयास करेगी सरकार-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने धार जिले की भोजशाला परिसर को लेकर मप्र उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश शांति का टापू है। प्रदेश में कानून व्यवस्था नियंत्रण हमारी प्राथमिकता है। इसमें कोई ढिलाई नहीं बरती जायेगी। उन्होंने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय ने करीब 750 साल पुराने और धार्मिक/ईश वंदना से जुड़े इस मसले का सकारात्मक एवं शांतिपूर्ण समाधान किया है। सरकार इस विषय से जुड़े सभी पक्षों की भावनाओं का सम्मान करते हुए उच्च न्यायालय के निर्णय का पालन करायेगी। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार मां वाग्देवी की वास्तविक प्रतिमा विदेश से स्वदेश लाने के लिए केन्द्र सरकार के साथ हर जरूरी प्रयास एवं समन्वय करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस महत्वपूर्ण फैसले के मद्देनजर मध्यप्रदेश में शांति, सौहार्द और सद्भावना बनाए रखने के लिए प्रदेशवासियों को सरकार की ओर से बधाई भी दी।

# द्विशा शर्मा मौत मामले में दोबारा पोस्टमार्टम की याचिका खारिज

### सीएम से मिले परिजन





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। अभिनेत्री व मॉडल ट्विशा शर्मा मौत के मामले में बड़ा अपडेट आया है। भोपाल कोर्ट ने शव का दिल्ली एम्स में दोबारा पीएम कराने की याचिका खारिज कर दी है। इधर सीएम मोहन यादव ने परिजन को भरोसा दिलाया है कि इस मामले में राज्य सरकार हरसंभव मदद करेगी। वहीं जांच के लिए सीबीआई को भी पत्र लिखेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि यदि परिजन पार्थिव शरीर को ले जाना चाहते हैं तो इसके लिए वाहन सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।**

राजधानी भोपाल में बीते 12 मई को मॉडल ट्विशा शर्मा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत और परिजन के प्लांड मर्डर के आरोपों के बीच बड़ा अपडेट आया है। ट्विशा के परिजन ने बुधवार को सीएम मोहन यादव से मुलाकात कर मदद की गुहार लगाई। सीएम ने इस मामले में जांच के लिए सीबीआई को पत्र लिखने का भरोसा दिलाया है। वहीं एम्स दिल्ली में पीएम कराने को लेकर बताया कि यह निर्णय कोर्ट के हाथ में है। सीएम ने यह जरूर कहा कि, यदि परिजन ट्विशा के पार्थिव शरीर को दिल्ली ले जाना चाहते हैं तो परिवहन की व्यवस्था सरकार करेगी। बता दें कि बीते 12 मई को अभिनेत्री व मॉडल ट्विशा शर्मा की घर में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। ससुराल पक्ष के लोगों ने ट्विशा द्वारा सुसाइड करना बताया था, जबकि मायके पक्ष के लोगों ने पति और ससुराल पक्ष पर हत्या करने के आरोप लगाए हैं। ट्विशा के मायके पक्ष ने उसकी पार्थिव देह का अंतिम संस्कार नहीं कराया है। उनका आरोप है कि ट्विशा की सास रिटायर्ड जज हैं, यहां का सिस्टम परिवार के प्रभाव में है, इस कारण सही पीएम नहीं कराया गया। परिजन दिल्ली एम्स में दोबारा पीएम कराने की मांग कर रहे थे, लेकिन भोपाल कोर्ट ने इस याचिका को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने पुलिस को निर्देश दिए हैं कि, शव को सुरक्षित रखने के लिए संसाधनयुक्त मॉर्च्युरी उपलब्ध कराई जाए, वहां पर बॉडी को प्रिजर्व किया जाए, ताकि शव डीकंपोज होने से बचाया जा सके।

# युवती ने भागकर रिश्ते के चाचा से रचाई शादी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छतरपुर, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के छतरपुर से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। एक युवती छतरपुर एसपी में अपनी सुरक्षा की मांग को लेकर पहुंची थी। युवती ने घर से भागकर रिश्ते में चाचा लगने वाले युवक से शादी रचा ली है। इसके बाद युवती के परिवार वाले एसपी ऑफिस पहुंच गए।

युवती लवकुशनगर थाना क्षेत्र के गिलौहां गांव की रहने वाली है। दो अप्रैल को परिजनों ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। गिलौहां निवासी मोहन सिंह यादव ने बताया कि उनकी बड़ी बेटी प्रतिमा यादव 2 अप्रैल की रात अचानक घर से लापता हो गई थी। परिवार ने उसकी तलाश शुरू की तो पता चला कि युवती रिश्ते के चाचा धर्मेन्द्र यादव निवासी हंसपुरा के साथ चली गई है। परिजनों का आरोप है कि मामले की शिकायत किए जाने के बावजूद पुलिस ने शुरुआत में गंभीरता नहीं दिखाई। परिवार का कहना है कि अक्टोंहा चौकी में पदस्थ एक पुलिसकर्मी ने उन पर 181 शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया। इतना ही नहीं, कार्रवाई के नाम पर पैसों की मांग किए जाने का भी आरोप लगाया गया है। पीड़ित परिवार के मुताबिक बाद में सूचना मिली कि युवती नौगांव क्षेत्र में देखी गई है। इसके कुछ समय बाद उसके पुलिस अधीक्षक कार्यालय छतरपुर पहुंचने की जानकारी सामने आई। सूचना मिलते ही परिजन भी एसपी कार्यालय पहुंचे और आवेदन सौंपकर युवती की सुरक्षित बरामदगी और निष्पक्ष जांच की मांग की। मामले में एक और मोड़ तब आया जब कथित नवविवाहित जोड़े द्वारा सोशल मीडिया पर कई वीडियो जारी किए गए। इन वीडियो में दोनों अपनी मर्जी से साथ रहने की बात कहते दिखाई दे रहे हैं।

## संपादकीय

### भारत-अमेरिका: परमाणु साझेदारी का नया दौर

भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने आने वाले समय में भारत और अमेरिका के बीच परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में कुछ बड़ा होने का संकेत दिया है। 'अमेरिकी परमाणु कार्यकारी मिशन टू इंडिया' के तहत परमाणु ऊर्जा संस्थान और अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच के कार्यकारी प्रतिनिधिमंडल के साथ हुई बैठक पर एक पोस्ट का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि परमाणु ऊर्जा पर भारत-अमेरिका सहयोग में आगे बहुत बड़ी संभावनाएं बन रही हैं। वहीं, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी कहा कि आने वाले कई दशकों में भारत में बिजली की मांग तेजी से बढ़ेगी और महाराष्ट्र इसका सबसे बड़ा औद्योगिक केंद्र होगा। भविष्य की औद्योगिक अर्थव्यवस्था के लिए परमाणु ऊर्जा अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। महाराष्ट्र परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में परिवर्तन का नेतृत्व करने के लिए तैयार है और उन्होंने अमेरिकी कंपनियों से महाराष्ट्र में निवेश करने की अपील की। इस पृष्ठभूमि में, रुबियो की 23 मई को भारतीय नेताओं के साथ होने वाली चर्चाओं में ऊर्जा सुरक्षा एक प्रमुख विषय के रूप में उभरने की उम्मीद है। रुबियो की यात्रा में रक्षा सहयोग, समुद्री सुरक्षा, महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों और आपूर्ति श्रृंखला की मजबूती सहित कई रणनीतिक मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ती भू-राजनीतिक अनिश्चितता के बीच क्वाड समूह, रक्षा अंतर-संचालनीयता और क्षेत्रीय समन्वय पर भी विचार-विमर्श होने की संभावना है। इसी बीच, अमेरिकी दूतावास ने एक वीडियो साझा किया जिसमें अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने दोनों देशों के बीच संबंधों पर खुशी जताई। रुबियो ने कहा कि अमेरिका अपनी 250वीं वर्षगांठ अपने भारतीय भागीदारों के साथ मनाना चाहता है। उन्होंने कहा, भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और हम सबसे पुराने हैं।

**धर्म-कर्म**

# तुलसी को गर्मी में हरी भरी रखने के लिए जड़ में डालें दूध, जानें उपाय और तुलसी सूखने के संकेत



तुलसी का पौधा बहुत ही पवित्र माना जाता है। हर घर के आंगन में तुलसी के पौधा जरुर होती है लेकिन, इस समय बढ़ती गर्मी के कारण यदि आपकी तुलसी का पौधा भी बार बार सूख जाता है तो आपको इसकी विशेष देखभाल करने की जरूरत है। बढ़ते तापमान के कारण तुलसी माता गर्मी में झुलस न जाएं इस बात का विशेष ख्याल रखें। मान्यता है कि तुलसी की सूखना एक शुभ संकेत नहीं है। ऐसे में शास्त्रों से जाने गर्मियों में तुलसी की सेवा कैसे करें।

1. शास्त्रों में बताया गया है कि जिस आंगन में तुलसी लगाई जाती है वहां रोजाना तुलसी का पूजन जरुर करें। सबसे पहले स्नान करके तुलसी में जल अर्पित करें। इसके बाद पूजा पाठ आरंभ करें।
2. तापमान बढ़ने के कारण धूप में तुलसी झुलस जाती है। ऐसे में सूखे नारियल के छिलके तुलसी के गमले में नीचे डाल दें। इसके बाद मिट्टी भरकर तुलसी का पौधा लगाएं। दरअसल, नारियल के छिलका पानी को सूख लेता है जिससे मिट्टी में नमी बनी रहती है।
3. तुलसी में सुबह और शाम दोनों समय जल अर्पित करें। तुलसी में जल अर्पित करने के साथ साथ तुलसी की पत्तियों पर भी जल जरुर डालें।
4. इस बात का ख्याल रखें कि आप तुलसी के पौधे को हमेशा मिट्टी के गमले में ही लगाएं। ऐसा करने से तुलसी के पौधे में तरावट ज्यादा रहती है।
5. तुलसी माता को गर्मियों में लाल रंग का सूती कपड़ा जरुर उड़ा कर रखें। कपड़ा इस तरह से ओढ़ाएं कि तुलसी माता पर सीधे धूप न लगे।
6. वैसे तो तुलसी की पूजा रोजाना करनी चाहिए। लेकिन, विशेष रुप से गुरुवार के दिन तुलसी की पूजा का विशेष महत्व बताया गया है। ऐसे में गुरुवार के दिन पानी में कच्चा दूध मिलाकर सिंचाई करें। इस बात का ख्याल रखें कि आप जल में दूध मिलाकर ही तुलसी माता को अर्पित करें सिर्फ दूध अर्पित न करें।

### तुलसी की पौधा सूखने का संकेत

1. कई बार तुलसी के पौधे की अच्छे से देखरेख करने के बाद ही तुलसी का पौधा सूख जाता है। अगर देखरेख के बाद भी तुलसी सूख जाती हैं तो यह भविष्य में आने वाली परेशानियों का संकेत हो सकता है।
2. ज्योतिष शास्त्र में तुलसी को बुध ग्रह से संबंध माना गया है। ऐसे में अगर किसी की कुंडली में बुध शुभ स्थिति में नहीं होते हैं तब भी तुलसी का पौधा सूखने लगता है।
3. अगर बार बार घर में लगी तुलसी सूख जाती हैं तो यह पितृदोष के कारण भी हो सकता है। अगर आपने नया तुलसी का पौधा लगाया है और लगाने के कुछ ही समय में तुलसी के पत्ते झड़ जाते हैं तो यह भी पितृदोष का कारण हो सकता है।

# मलमास की पहली एकादशी कब है, जानें पद्म पुराण में क्या महत्व बताया गया है

मलमास या अधिक मास में आने वाली एकादशी का नाम पद्मिनी एकादशी जिसे कमला एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। अधिक मास में आने वाली एकादशी को बहुत ही दुर्लभ माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार,अधिक मास में आने वाली एकादशी का व्रत रखने से व्यक्ति को लक्ष्मी की प्राप्ति होती है। साथ ही इस व्रत को करने से भगवान विष्णु बहुत प्रसन्न होते हैं। कमला एकादशी का व्रत करने से व्यक्ति के बुरे दिन भी अच्छे दिन में बदल जाते हैं। आइए जानते हैं अधिक मास की पहली एकादशी कमला/ पद्मिनी एकादशी का व्रत कब रखा जाएगा।

### कमला एकादशी 2026 कब ?

पंचांग की गणना के अनुसार, अधिक मास में आने वाली एकादशी यानी कमला एकादशी तिथि का आरंभ 27 मई को सुबह में 6 बजकर 22 मिनट पर होगा और अगले दिन 28 मई को सुबह में 7 बजकर 22 मिनट तक एकादशी तिथि रहेगी। ऐसे में कामदा एकादशी का व्रत उदय तिथि के अनुसार, 27 मई को ही रखा जाएगा।

### कमला एकादशी 2026 पद्म पुराण में महत्व

पद्म पुराण के अनुसार, कमला एकादशी का व्रत करने वाले स्त्री और



पुरुष को कई गुना फल की प्राप्ति होती है। कमला एकादशी का व्रत करने वाले व्यक्ति की आर्थिक स्थिति भी अच्छी होती है। इन दिन भगवान विष्णु के मंत्र जप करने से कई गुना फल की प्राप्ति होती है। इस दिन सुबह जल्दी ब्रह्म मुहूर्त में उठे और भगवान विष्णु के मंत्रों का जप करें। पद्म पुराण के अनुसार, इस दिन घर पर भगवान विष्णु का जप करने से एक गुना फल प्राप्त होता है। जबकि नदी के तट पर दूना, गौशाला में जप करने पर सहस्त्र गुना, अग्निहोत्र गृह में एक हजार एक सौ गुना, शिवजी के मंदिर में , तीर्थ में, तुलसी के समीप लाख गुना फल की प्राप्ति होती है। वहीं, भगवान विष्णु के मंदिर में जप करने से अनंत गुना फल की प्राप्ति होती है।

### कमला एकादशी 2026 पूजा विधि

1. इस दिन सुबह जल्दी उठकर भगवान विष्णु का ध्यान करें। इसके बाद स्नान करें और स्वच्छ वस्त्र धारण करे।
2. इसके बाद अपने घर के पूजाघर में भगवान विष्णु के पास बैठकर हाथ में जल लेकर व्रत का संकल्प लें।
3. इसके बाद एक लकड़ी की चौकी पर पीले रंग का वस्त्र बिछाएं। इसपर भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित करें।
4. अब देसी घी का दीपक जलाएं और धूप जलाएं। अब भगवान को फल और मिठाई का भोग लगाएं।
5. अब भगवान विष्णु के मंत्रों का जप करें और फिर एकादशी कथा का पाठ करें।
6. अंत में भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की आरती करें। अंत में सभी को प्रसाद वितरित करें।

New Delhi

# भारत ने यूएन में पाक को जमकर धोया

● अफगानिस्तान-बांग्लादेश का जिक्र कर कहा- नरसंहार के कलंकित इतिहास वाला देश



**संयुक्त राष्ट्र, (एजेंसी)** भारत ने पाकिस्तान के 'नरसंहार के कलंकित इतिहास' पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में तीखी प्रतिक्रिया दी। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि हरीश पर्वतनेनी ने कहा कि पाकिस्तान का अमानवीय आचरण दशकों से अपनी आंतरिक विफलताओं को सीमा के भीतर और बाहर हिंसा के कृत्यों के जरिए बाहरी दुनिया पर थोपने के उसके प्रयासों को दर्शाता है। 'सशस्त्र संघर्ष में नागरिकों की सुरक्षा' विषय पर वार्षिक यूएनएससी की बहस के दौरान राजदूत पर्वतनेनी ने कहा, 'यह विडंबना है कि पाकिस्तान अपने नरसंहार के कलंकित इतिहास के साथ, ऐसे मुद्दों का जिक्र करता है जो भारत के लिए पूरी तरह से आंतरिक मामले हैं।' पर्वतनेनी की यह टिप्पणी पाकिस्तान के प्रतिनिधि द्वारा बहस में जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाए जाने के बाद आई।

Punjab

● नशा छुड़वाने वाले सेंटर में हुए थे भर्ती

## स्टाफ से हो गया झगड़ा तो ताला तोड़कर भाग निकले 30 लड़के

**मोगा, (एजेंसी)** पंजाब में मोगा के गांव जनेर स्थित सरकारी नशा मुक्ति केंद्र से बुधवार शाम 7.30 बजे करीब 28 से 30 मरीज स्टाफ के साथ बदसलूकी और धक्का-मुक्की करने के बाद गेट के ताला तोड़ कर फरार हो गए. घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और मामले की तफ्तीश में जुट गई है.

जानकारी के अनुसार, थाना कोट इसे खां के अंतर्गत आने वाले गांव जनेर के सरकारी नशा मुक्ति केंद्र में बुधवार शाम करीब 7.30 बजे अचानक माहौल गरमा गया. सेंटर में उपचाराधीन मरीजों की किसी बात को लेकर वहां तैनात स्टाफ सदस्यों के साथ तीखी बहस हो गई. बहस इतनी बढ़ गई कि मरीजों ने स्टाफ के साथ धक्का-मुक्की शुरू कर दी और उन्हें पीछे धकेलते हुए गेट के ताला तोड़ कर मुख्य गेट से बाहर भाग निकले. बताया जा रहा है कि इस सरकारी नशा मुक्ति केंद्र में कुल 95 मरीज अपना इलाज करवा रहे थे. इनमें से करीब 28 से 30 युवक मौका पाकर वहां से भागने में कामयाब रहे, जबकि बाकी मरीज केंद्र में ही मौजूद हैं. सारे घटना सेंटर में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है. सूचना मिलते ही कोट इसे खां थाने की पुलिस और उच्चाधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे. पुलिस ने फरार हुए युवकों की तलाश के लिए आसपास के इलाकों और उनके घरों पर नजर रखनी शुरू कर दी है. सेंटर के आसपास लगे कैमरों को चेक किया जा रहा है ताकि यह पता चल सके कि मरीज किस दिशा में भागे हैं. पुलिस ने सेंटर के कर्मचारियों के बयान दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है. सिक्योरिटी गार्ड्स ने बताया कि उनके ऊपर युवकों ने हमला किया बाद में गेट तोड़ कर भागे मौके पर ही कुछ मरीजों को पकड़ लिया गया.

New Delhi

## पीएम मोदी ने आज बुलाई अहम बैठक

### कैबिनेट में बदलाव और पेट्रोल-गैस को लेकर हो सकता बड़ा फैसला

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** पांच देशों के दौरे से वापस आने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को कैबिनेट बैठक करेंगे। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, बैठक में विभिन्न मंत्रालयों के कामकाज, लिए गए प्रमुख निर्णयों और उनके नतीजों तथा भविष्य की योजनाओं सहित अन्य विषयों पर चर्चा होगी। पीएम मोदी की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में सभी कैबिनेट मंत्री, स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्री और अन्य राज्य मंत्रियों को शामिल होने के निर्देश दिए गए हैं। कैबिनेट में फेरबदल की अटकलों के बीच, यह इस वर्ष कैबिनेट की पहली पूर्ण बैठक होगी। यह बैठक शाम पांच बजे होगी, जिसमें सभी कैबिनेट मंत्री, राज्य मंत्री और स्वतंत्र प्रभार वाले मंत्री शामिल होंगे। इस बैठक का प्रमुख एजेंडा कैबिनेट में फेरबदल है। साथ ही मंत्रियों के कामकाज की रिपोर्ट पर भी चर्चा होगी।

New Delhi

## खाड़ी देशों से तेल लाने के लिए नौसेना की तैयारी पूरी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** पश्चिम एशिया में चल रहे भीषण ईरान युद्ध के बीच भारत ने अपनी ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक बेहद साहसिक और बड़ा फैसला लिया है। वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की किल्लत और बढ़ी कीमतों के बीच, भारत अब दुनिया के सबसे खतरनाक और तनावग्रस्त समुद्री मार्ग 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' के रास्ते अपने तेल टैंकर भेजने की पूरी तैयारी कर चुका है। फरवरी के आखिर में ईरान युद्ध शुरू होने के बाद यह पहला मौका होगा, जब भारत इस बंद पड़े रास्ते से कच्चे तेल की नई खेप देश में लाने की कोशिश करेगा। सूत्रों के मुताबिक, इस मास्टर प्लान का पूरा खाका तैयार है और सरकार से अंतिम हरी झंडी मिलते ही भारतीय जहाज



रवाना हो जाएंगे। दुनिया के कुल तेल व्यापार का लगभग 20 फीसदी (एक-तिहाई हिस्सा) इसी संकरे समुद्री मार्ग यानी होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है। युद्ध छिड़ने के बाद से इस मार्ग पर जहाजों की आवाजाही लगभग शून्य हो गई है, जिससे भारत जैसे बड़े आयातक देशों के सामने ऊर्जा संकट गहरा गया है।

खेल

# मुंबई पर जीत के बाद तालिका में छठे स्थान पर पहुंची कोलकाता

**कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने मुंबई इंडियंस को चार विकेट से हराकर प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों को जीवित रखा है। बुधवार को ईडन गार्डन्स पर खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 147 रन बनाए। जवाब में केकेआर ने 18.5 ओवर में छह विकेट पर 148 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।**

इस जीत के साथ कोलकाता की टीम अंक तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई है। उनके खाते में 13 अंक हो गए और नेट रन रेट +0.011 हो गया है। अब केकेआर को उनका आखिरी मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेलना है। कोलकाता ने इस जीत के दम पर प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों को जीवित रखा है।




**मुंबई की पारी-** मुंबई ने 41 के स्कोर तक अपने चार विकेट खो दिए थे। जब पारी के आठ ओवर पूरे हो गए थे, बारिश ने दखल दिया, लेकिन ब्रेक के बावजूद ओवरों में कटौती नहीं की गई। कप्तान हार्दिक पांड्या ने तिलक वर्मा के साथ पांचवें विकेट के लिए 49 गेंदों में 43 रन की साझेदारी करते हुए टीम को संभालने की कोशिश की। तिलक वर्मा 20 रन बनाकर आउट हुए, जबकि पांड्या ने 26 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। कॉर्बिन बॉश ने दीपक चाहर के साथ आठवें विकेट के लिए 20 गेंदों में 42 रन की साझेदारी करते हुए टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। बॉश 18 गेंदों में दो छक्कों और तीन चौकों के साथ 32 रन बनाकर नाबाद रहे। विपक्षी खेमे से सौरभ दुबे, कैमरून ग्रीन और कार्तिक त्यागी ने दो-दो विकेट हासिल किए, जबकि सुनील नरेन ने एक विकेट निकाला।

**केकेआर की पारी-** इसके जवाब में केकेआर ने पहले ही ओवर में फिन एलन (8) का विकेट गंवा दिया। यहां से कप्तान अजिंक्य रहाणे ने मनीष पांडे के साथ 28 गेंदों में 38 रन की साझेदारी की। रहाणे 17 गेंदों में 4 चौकों के साथ 21 रन बनाकर आउट हुए। कुछ देर बाद कैमरन ग्रीन (4) भी पवेलियन लौट गए। टीम ने 7.1 ओवरों में 54 के स्कोर तक अपने तीन विकेट खो दिए थे। यहां से रोवमैन पॉवेल ने मनीष पांडे के साथ चौथे विकेट के लिए 64 रन की साझेदारी करते हुए टीम को जीत की दहलीज तक पहुंचाया।

मनीष 33 गेंदों में छह चौकों के साथ 45 रन बनाकर पवेलियन लौटे। यहां से टीम को जीत के लिए 30 गेंदों में 30 रन की दरकार थी। 16वें ओवर की दूसरी गेंद पर पॉवेल कैच आउट हुए। उन्होंने 40 रन बनाए। अंतिम ओवरों में रिंकू सिंह (9) और अनुकूल रॉय (4) ने नाबाद पारी खेलते हुए टीम को सात गेंदें शेष रहते जीत दिलाई।

सिनेमा

# सलमान खान को पपराजी ने घेरा और फिर मांगी माफी



सलमान खान ने बुधवार रात पपराजी से बात की। दरअसल, 20 मई के दिन रितेश देशमुख ने अपनी फिल्म 'राजा शिवाजी' की सक्सेस पार्टी रखी थी। उन्होंने सलमान को भी इस पार्टी में बुलाया। जैसे ही सलमान वेन्यू पर पहुंचे, रितेश उन्हें रिसीव करने गए और उनके साथ पपराजी के सामने पोज देने लगे। जब पपराजी सलमान से माफी मांगने लगे तो सलमान ने कहा, 'जोर से बोलो।' इसके बाद पपराजी ने सलमान को घेर लिया और उनसे माफी मांगने लगे। सलमान ने पपराजी की माफी एक्सेप्ट कर ली और उन्हें बताया कि वह मंगलवार के दिन हिंदुजा हॉस्पिटल क्यों गए थे। एक्टर ने अपने करीबी की तरफ इशारा करते हुए कहा, 'इनकी पत्नी बहुत बीमार थीं।' सलमान ने बताया कि हॉस्पिटल जाते वक्त उनके करीबी की पत्नी हालत बहुत नाजुक थी और इस बीच वे हॉस्पिटल के बाहर खड़े होकर हल्ला मचा रहे थे और पोज देने के लिए कह रहे थे इसलिए वे भड़क गए। दरअसल, मंगलवार रात जब सलमान हिंदुजा हॉस्पिटल पहुंचे तब पपराजी भी उनका पीछा करते-करते वहां पहुंच गए और उनकी तस्वीरें लेने लगे। जब सलमान अपने करीबी से मिलकर हॉस्पिटल के बाहर आए तब पपराजी जोर-जोर से उनका नाम चिल्लाने लगे। ऐसे में सलमान उनपर भड़क गए। सलमान ने वहीं पपराजी पर चिल्लाना शुरू कर दिया।

## Highlights

1. PM Modi & Meloni plant 'Krishna Toot' tree under 'Ek Ped Maa Ke Naam' initiative
2. India may soon switch to 30% ethanol-blended petrol as govt notifies norms
3. PM Modi to chair key meeting today, all ministers asked to stay in Delhi
4. Prashant Kishor moves to ashram, says he'll live there till next Bihar polls
5. Delhi hospitals see rise in heat-related illnesses amid heatwave
6. Heat waves start affecting milk production

# Parle stock's 'melodious' moment as price rises 5% after PM Modi gifts Melody to Meloni. But there is a twist

**NEW DEIHI, (Agency).** Prime Minister Narendra Modi, who is in Italy for an official trip, had an unusual gift for his Italian counterpart Giorgia Meloni – a pack of Melody toffees. And the news didn't just break the internet. They sent the stock of Parle rallying. Track updates on Modi's Italy visit



But here is the twist. It was the wrong Parle that had its stocks rising following the 'Melodi' moment in Italy. Melody toffee is manufactured by privately held FMCG Parle Products, but apparently, retail investors rushed to buy shares of Parle Industries, a company that specialises in real estate, infrastructure building and waste management and recycling.

Parle stock rises- Parle Industries share price hit 5% upper circuit on Wednesday and the small-cap penny stock rallied 5% to ₹5.25 apiece on the BSE, Live Mint reported.

The rally in Parle Industries share was backed by heavy volumes as around 8 lakh equity shares of Parle Industries changed hands on stock exchanges. This is significantly higher than its one-week average trading volume of 2 lakh shares and its one-month average volume of 3 lakh shares.

The Melody toffee, which became the talk of town in the backdrop of PM Modi's visit to Italy, is owned Parle Products, an FMCG company based in Mumbai. Parle Products is recognised for brands such as Parle-G, Monaco, Hide & Seek, and Mango Bite. It is, however, not listed on the stock markets.

Mayank Shah of the Parle Products told CNBC-TV18 that PM Modi's Melody gift to Meloni has helped place Indian products on a larger global stage.

The highlight of PM Modi's Italy visit has been his gift of Melody toffees to Meloni. In the video, Meloni can be heard saying, "PM Modi brought us a gift. It is Melody," while holding a pack of Melody chocolates gifted by Modi. "Thank you for the gift," Meloni wrote as she shared the video. The moment quickly drew attention online, with social media users reacting to the light moment that the two leaders shared.

# India's spam conundrum, and Amkette proves all mice matter

**NEW DEIHI, (Agency).** Opening thoughts. WD, formerly Western Digital, has done something rather interesting. They've made the industry's first post-quantum cryptography (PQC) hard drives. These derives, called Ultrastar UltraSMR, are meant for AI compute focused infrastructure. They integrate what WD says is NIST-approved quantum-resistant algorithms, the idea being to make the firmware and device level security features more robust for enterprises. The threat perception has mapped quantum-era risks of "harvest now, decrypt later" (HNDL) attacks, which this methodology aims to thwart.





Contrary to general opinion (usually of experts on social media) that solid state drives (SSDs) are the future of compute infrastructure storage, it is in fact the return of the good old hard drive technology that's figuring prominently—cost being one, per GB, alongside reliability and longevity of data. HDDs last longer than SSDs. " As AI data compounds and becomes more valuable and long-lived, securing it for the future is no longer optional. Quantum computing represents one of the most significant technology transitions of our time, and it is advancing faster than many organisations anticipate. The security architectures that have protected enterprise storage for more than a decade will need to evolve," says Dr. Xiaodong (Carl) Che, Chief Technology Officer and Senior Vice President at WD.

# शोरूम और बेलमोंट पार्क के दफ्तर में लगी आग

## फर्नीचर व कई अहम दस्तावेज जलकर खाक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। बुधवार सुबह दो स्थानों पर आग लगने से लाखों रुपये कीमत का फर्नीचर, दस्तावेज और अन्य सामान जल गया। मौके पर फायर ब्रिगेड ने पहुंचकर आग पर काबू पाया और आग को फैलने से रोका। आग लगने की घटना रिंग रोड के समीप महिद्पुरवाला शोरूम पर हुई।

आग बिल्डिंग के सातवें माले पर लगी और पूरी बिल्डिंग में धुआं फैल गया। कर्मचारियों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। इस बीच कर्मचारियों ने भी आग पर काबू पाने के लिए बिल्डिंग में मौजूद अग्नि सुरक्षा उपकरणों का इस्तेमाल शुरू किया। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। आग



से सातवीं मंजिल का कुछ हिस्सा ही जला है। आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी थी। इसके अलावा लसुड़िया क्षेत्र के बेलमोंट पार्क के दफ्तर में आग लग गई। आग से दफ्तर का फर्नीचर, दस्तावेज और अन्य सामान जलकर पूरी तरह खाक हो गया। फायर ब्रिगेड के पहुंचने तक दफ्तर का ज्यादातर हिस्सा आग की चपेट में आ चुका था। आग सबसे पहले पार्क के मेंटेनेंस दफ्तर में लगी। उसके समीप ही टाउनशिप के बिल्डर का दफ्तर भी है। दफ्तर में बेचे गए फ्लैट, प्लॉट से जुड़े दस्तावेज और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज थे। सबसे पहले दफ्तर के पिछले हिस्से से गार्ड ने धुआँ उठता देखा था। इसके बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। आग कैसे लगी, इसका पता नहीं चल सका। आग लगने की खबर मिलने के बाद पुलिसकर्मी भी मौके पर पहुंच चुके थे। आपको बता दें कि गर्मी बढ़ने के बाद बीते 24 घंटे में तीन स्थानों पर आग लगने की घटनाएँ हो चुकी हैं।

# इस्तीफा मांगेगी कांग्रेस राजबाड़ा पर देगी धरना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। जल संकट लगातार गहराता जा रहा है। कई इलाकों में लोग पानी की समस्या से परेशान हैं। पानी को लेकर लोग सड़क पर उतरकर प्रदर्शन तक कर चुके हैं, इसके बाद भी कई इलाकों में जल संकट की समस्या बनी हुई है। इसे लेकर इंदौर की राजनीति भी गरमा रही है।**

शहर में जल संकट के लिए जिम्मेदारी का निर्धारण करते हुए कांग्रेस महापौर पुष्यमित्र भार्गव से इस्तीफा मांगेगी। इसके साथ ही अपर आयुक्त को बदलने की मांग को लेकर गुरुवार को कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल से मिलेगा। नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने कहा कि इस समय पूरा शहर जल संकट से परेशान है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि जनता को इस परेशानी से मुक्ति दिलाने की दिशा में प्रयास करने के बजाय महापौर भार्गव पुराने महापौर पर पानी की व्यवस्था के लिए काम नहीं करने के आरोप लगाकर अपनी जिम्मेदारी से बचने की कोशिश कर रहे हैं। चौकसे का कहना है कि वर्तमान में महापौर को पानी की व्यवस्था करने पर ध्यान देना चाहिए ना की दोषारोपण पर। ऐसी स्थिति में महापौर के इस्तीफे की मांग को लेकर अगले सप्ताह कांग्रेस द्वारा एक बड़ा आंदोलन करते हुए राजबाड़ा पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पानी का वर्तमान संकट अपर आयुक्त आशीष कुमार पाठक द्वारा ध्यान नहीं दिए जाने के कारण ज्यादा गंभीर हुआ है। ऐसे में आवश्यक है कि पानी के काम को देखने वाले अपर आयुक्त को बदल दिया जाए। यह काम पूरी तरह से इंदौर नगर निगम के आयुक्त के हाथ में है। उनके द्वारा ही सभी अपर आयुक्त को कार्य का विभाजन किया जाता है।

# एमडी ड्रग्स के साथ पांच आरोपी गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। क्राइम ब्रांच ने 1 किलो एमडी ड्रग्स के साथ पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को पकड़ने के लिए टीम को काफी मशक्कत करनी पड़ी। सूचना मिलने के बाद क्राइम ब्रांच ने सुपर कॉरिडोर पर घेराबंदी की। जैसे ही काले रंग की स्कॉर्पियो कार वहां पहुंची, टीम ने पीछा शुरू कर दिया और आरोपियों को रुकने का इशारा किया।**

क्राइम ब्रांच को पीछे आता देख बदमाश तेज रफ्तार में भागने लगे। हालांकि पुलिस ने पहले से रणनीति तैयार कर रखी थी। आगे तैनात दूसरी टीम ने रास्ता रोकने का प्रयास किया, जिससे आरोपियों की स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इसके बाद पुलिस ने पांचों आरोपियों को दबोच लिया। फिलहाल आरोपियों को पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है, ताकि ड्रग्स सप्लाई नेटवर्क से जुड़ी अन्य जानकारियां जुटाई जा सकें। क्राइम ब्रांच ने झालावाड़ निवासी नवीन सोलंकी (25) और शंकर सिंह (33), उज्जैन निवासी विक्रम सिंह (31) और नरेंद्र सिंह (26) तथा सिलिकॉन सिटी निवासी गोविंद शर्मा (29) को गिरफ्तार किया है। गोविंद मूल रूप से देवास का रहने वाला है। आरोपियों के कब्जे से 1 किलो एमडी ड्रग्स, एक स्कॉर्पियो कार, दो बाइक, एक देसी कट्टा, एक जिंदा कारतूस और पांच मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। पुलिस ने कुल 1 करोड़ 21 लाख 20 हजार रुपए का माल जब्त किया है।



आज ही अपनी जानकारी सबमिट करे www.detectivegroup.in पर
Whatsapp us on +91-91110 50101

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक